**12.18 hrs.**

## CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

### REPORTED PRESENCE OF A DECOMPOSED HUMAN BODY FOR ABOUT THREE WEEKS IN A WATER TREATMENT PLANT IN DELHI

PROF. MADHU DANDAVATE (Rajpur) : Sir, I call the attention of the Minister of Works and Housing to the following matter of urgent public importance and request that he may make a statement thereon :—

> "The reported presence of a decomposed human body for about three weeks in a water treatment plant which supplies water to West and North-West Delhi.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND WORKS AND HOUSING (SHRI BHISHMA NARAIN SINGH) : Mr. Speaker, Sir, there were some press reports yesterday regarding recovery of a decomposed body in the Haiderpur Water Treatment Plant of the Delhi Water Supply & Sewage Disposal Undertaking which supplies water to West and North-West Delhi. The matter has been looked into. The correct position as reported by the above Undertaking in this regard is as follows.

On 31-8-1981, at about 4.15 p.m., a dead body was seen floating in the Western Jamuna Canal which supplies raw water to the Haiderpur Water Treatment Plant. The dead body was moving towards the intake point of the raw water pumping station of the plant. The Police Control Room was immediately informed about it by the Executive Engineer of the D. W .S. & S. D. Undertaking stationed at the plant. The police arrived at the site and removed the dead body the same evening. It is not correct as alleged in one of the newspapers that for about 3 weeks the Haiderpur Water Treatment Plant was drawing water from the intake point where a highly putrid body lay.

The parameters of raw water as well as treated water at various water works of the D. W. S. & S.D. Undertaking are checked every hour throughout day and night. The parameters which indicate organic pollution like Dissolved Oxygen, Chlorine Demand, Nitrites (N) and Ammonia (N) did not show any change at the intake point of the Haiderpur Water Treatment Plant on 31-8-1981. However, as a measure of abundant precaution, pre-chlorine and post-chlorine doses were increased in the evening on 31-8-1981. The final water leaving the plant contained 1.6 to 1.8 ppm (particles per million) residual chlorine in place of the normal dose of 1.0 to 1.5 ppm. Samples of water supplied from the distribution system were also taken and subjected to bacteriological examination. No abnormality was observed.

It is, therefore, not correct to allege that the officers of the D.W.S. & S. D. Undertaking were not much concerned about the presence of the body. It may also be mentioned that presence of a dead body at the raw water intake point for a short period is not likely to affect the quality of water when the quantum of water flowing in the canal is very large and full treatment is given to the water before it is supplied to the public.

The water supplied by the D.W.S. & S.D. Undertaking is wholesome and conforms to public health standards.

PROF. MADHU DANDAVATE : I am very sorry to point out that the Hon. Minister has probably not carefully gone through the draft of the Statement that has been handed over to him. There are certain prior contradictions in the statement made by him. I will come to other questions at a later stage. But let me try to point out some of the contradictions in the Statement itself.

[Prof. Madhu Dandavate]

Firstly, he has stated at one stage that "It is not correct, as alleged in one of the newspapers that for about 3 weeks, the Haiderpur Water Treatment Plant was drawing water from the in-take point where a highly putrid body lay". Earlier, he has stated that "On 31-8-81, at about 4.15 PM, a dead body was seen floating in the Western Jamuna Canal which supplies raw water to the Haiderpur Water Treatment Plant".

I wish there was a better co-ordination between the various agencies of the Government. As far as the subject matter of this Call Attention is concerned, Works & Housing Department is concerned with it. Health Ministry is also concerned with it. For certain information, they have also to have police investigations, taking into account the post-mortem report also. And after combining all those informations given by various agencies, the Hon. Minister has to come with a statement in the House.

**12.21 hrs.**

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the chair*]

Now, for your information, I would like to quote from the report that has appeared in various sections of the Press that Mr. Pradip Shrivastav, Assistant Police Commissioner, Kingsway Camp, has stated that the post-mortem report revealed that the dead body was 20 days old. The body was floating there, according to the post-mortem report which has been again communicated to the general public only by a statement made by the Assistant Police Commissioner, Kingsway Camp, that it was lying there for 20 days.

PROF. N. G. RANGA (Guntur): Was it completely de-composed ?

PROF. MADHU DANDAVATE: It was completely de-composed. Actually, the report says that the decomposition was to such an extent that a number of worms were crawling on the dead body. The dead body was completely mutilated. Further, it has been mentioned in the Press report that the entire de-composed human body with head chopped off, that mutilated body, in a de-composed form, was lying there for 20 days. This is according to the report that has been revealed by the Assistant Commissioner of Police and that too, on the basis of post-mortem report. It is not a hearsay story. This report has appeared in the Indian Express. But they have an allergy for that newspaper because some other exposures were published in that newspaper, only day before yesterday. Therefore, they take for granted whatever is published in Indian Express. Thank God, Shri Arun Shourie's name is not mentioned there.

This is as for as this body is concerned.

Again if you read the technical and scientific part of this statement, you will find that he has committed a gross blunder in preparing the statement. I will also state the percentage composition of the blunder that he has committed. At one stage he says :

"However, as a measure of abundant precaution, pre-chlorine and post-chlorine doses were increased in the evening on 31-8-1981 ..."

Now comes the part where there is contradiction.

"The final water leaving the plant contained 1.6 to 1.8 ppm (particles per million) residual chlorine in place of the normal dose of 1.0 to to 1.5 ppm."

Let us take the lower figures in both the categories, before examination and after examination. Originally it was one particle per million

and it increased to 1.6 particles per million. The difference is 0.6. In 1, the difference is 0.6. Ordinary mathematics will reveal that it means that there is a 60 per cent increase in the particles per million. If a 60 per cent increase does not mean that any pollution has taken place, I do not understand what is the meaning of the word 'pollution' at all. I am not saying anything based on the report that has appeared in the press. I am saying something on the basis of the written statement that has been made by the Hon. Minister on the floor of this House. Even on the basis of the figures that have been given here, originally the normal dose was 1 particle per million and it had become 1.6 ppm. Therefore, you will find that, in terms of percentage, it has increased by 60 per cent. It is a serious case of water pollution and they must take note of that.

Though that is not exactly the subject-matter of this, because it is allied to this—problem of water pollution in Delhi—I would like to point out to them that, even in the past, such situations have arisen. In the month of June, 1981, foul smell on testing of the water of Sena Bhawan was detected. Originally it was felt that, probably, it was due to some dead monkey which was lying there and as a result of that it might have happened, but when they started investigating the problem, they found out that, in addition to that factor, it was due to the overflow of the sewerage tank into the underground water tank; that had created this type of pollution. As a result of that, Sena Bhavan itself has given the information, as a result of pollution of water in Delhi, there was a number of cases of gastro-entritis, diarrhoea and jaundice. It is on record. I want to warn the Hon. Minister and find out from him. He has used the words 'as a measure of abundant precaution'. This is the term which lawyers always use. I am very glad that the Minister is also using that term. As a measure of abundant precaution, at least in the future, will he see to it that what happened in Sena Bhawan does not happen elsewhere and overflow of the sewerage tank into the underground tank does not cause any disturbance or further pollution of the drinking water? I hope he will suggest ways and means by which this can be avoided.

There is another contradiction, and that also arises out of what he has said. He has said that the repeated test that has been made gives the indication that there is no pollution and there is not going to be pollution further. As far as health and hygiene matters are concerned, I would like to reply more on the All India Institute of Medical Sciences that on the Minister in charge of Works and Housing. It is no personal aspersion on the Hon. Minister. He himself will know his limitations.

SHRI JYOTIRMOY BOSU (Daimond Harbour) : 'Honoruable' or 'Venerable'?

PROF. MADHU DANDAVATE : 'Honourable'. When it comes to you, I will describe you as, 'Venerable'.

As far as this aspect is concerned, a senior doctor of the All India Institute of Medical Sciences, a specialist in water-borne diseases, has given his opinion that such a decomposed body would cause large scale contamination and as a result of that, there can be diarrhoea and serious cases of jaundice, there can be gastro-enteritis cases, and as a result of that, a lot of damage can be done to persons who are staying in Delhi if they are using the drinking water that is supplied by the water treatment plants like this. So, this aspect has also to be borne in mind. I am sure he will be able to give the necessary explanations on these points.

Sir, as a precedent, I would like to ask him whether he knows the fact that only a year or two years

[Prof. Madhu Dandavate]

back, there was a case in a water tank near the New Delhi Station, in which a dead body was found lying there for a long time and, when that body was discovered, it was admitted that this type of dead-body lying in the water tank was likely to create a lot of pollution of water and, as a result of that, there could be any number of diseases. This happened in Delhi; it happened in Sena Bhavan ; it happened at New Delhi Station and now it is happening at this particular water treatment plant which supplies water to West Delhi as well as North, West Delhi.

There is one more point to which I would like to make a reference and that is about the anti-pollution steps that are to be taken. He has no doubt mentioned about certain steps being taken. But, taking a lesson from this particular instance, I would like to know from the Hon. Minister whether they applied their minds not only in relation to this water treatment plant but in relation to the other water treatment plants also which supply water not only to Delhi but to other important cities and concrete steps taken on the measures as recommended by a number of Commissions. Fortunately, in our country, surely there are any number of study groups or study teams that are working on pollution—air pollution as well as water pollution—and whether they have taken cognisance of it and whether they will try to implement these various recommendations made by various Commissions on environmental problems and problems of pollution. I hope the Minister will be able to assure this House—the M.Ps need not have any particular privilege as far as unpolluted water is concerned because we do not demand any particular privilege—that since we are part and parcel of the citizens of Delhi, we feel that this involves not only our lives but also the lives of the citizens of Delhi, no matter whether they stay in West Delhi or North West Delhi, whoever stays in this City, as far as drinking water arrangements are concerned, they should be completely insulated from all these factors of pollution. In that direction, I would like to know from the Hon. Minister what concrete steps they are taking.

SHRI BHISHMA NARAIN SINGH : Sir, I have respect for our Hon. Prof. Madhu Dandavate Ji. I know that he is a very good Parliamentarian... (*Interruptions*) and he knows how to make a point. I have very clearly stated in my reply that so far as the dead body was concerned it was not inside the plant. The dead body came floating up to the intake point. Jumuna canal is like a small river, if it came there was nothing abnormal. It is 130 feet long and, in totality, if you take the width, it is nearly fifty feet. This is not only so in Jamuna canal but even if you go to Jamuna river or Ganges, you will find that this type of thing is there. There are not only the dead bodies of humanbeings floating but even the dead bodies of animals are floating. This is happening and this is the reality. So far as this dead body is concerned, it did not go inside the plant. You should thank the Executive Engineer and other employees there who are working that they immediately saw the dead body floating there and they immediately reported the matter to the police.

SHRI JYOTIRMOY BOSU : After how many days ?

SHRI BHISMA NARAIN SINGH : I say immediately. The deadbody was floating ; it was not inside the plant at all but it was at the intake point and they had taken immediate action. As a precautionary measure, as I have stated already, they have increased the quantity of chlorine etc. So that the impure water is not supplied to the citizens in Delhi. They have taken these steps. As far as water

pollution is concerned, our Government is very much concerned. You know we have passed even an Air Pollution Bill in Parliament recently. Not only that. This Government has created a Department of Environment and we are very much concerned with the ecological balance and we are very much concerned about the water pollution, air pollution and even noise pollution. So, we are much concerned about it. I share your anxiety. There can't be two opinions about it. A board has been constituted in Delhi for prevention and control of water pollution. They are also seized of the problem and are taking steps. I can definitely say that water pollution and other things connected to it are now being controlled.

PROF. MADHU DANDAVATE : Sir, I want to seek a clarification. I quoted him own figures and pointed out the contradiction from 1 pmm they increased to 1 6 pmm. It is a 60 per cent increase.

SHRI BHISHMA NARAIN SINGH : As a precautionary measure they had to take this step. Even when thay have taken these precautionary measures still doubts are being expressed.

PROF. MADHU DANDAVATE : Sir, the Hon. Minister says that the body came to the intake point but does he realise that even before the arrival of the dead body the contaminated water came to the intake point. Sir, he has said that the body arrived only at the intake point and at that stage it was detected and removed but does he not realise that the dead body was lying in the canal for some time. The Asstt. Commissioner of Police has said that the postmortem report indicated that the body was 20 days' old. Sir, if that body was lying in the Jamuna canal for 20 days the polluted water was coming to the intake point for 20 days and that water was supplied to the people in North and North-West Delhi.

Lastly, Sir, we are told that no damage will be done and perfect examination was done. Sir, I quoted an authority from the specialist of All India Institute of Medical Sciences who is an expert in the field who has said that if a dead body in lying it is bound to create certain degree of pollution and also spread of certain diseases.

SHRI BHISHMA NARAIN SINGH : Sir, I have said that upto intake point raw water comes. We take the water from Jamuna Canal at that point and after that the water is treated by the Plant before supplying. So, there is some mis-understanding perhaps. Upto intake point is raw water. Nobody takes the raw water. We do not supply raw water to the citizens. It is first treated and then supplied. So far as doctor's opinion is concerned definitely there should not be pollution and there should not be dead bodies. Nobody differs on that account. But so far as this matter is concerned abundant precaution was taken and no impure water was supplied to the citizens of Delhi.

**श्रीमती प्रमिला दंडवते** (बम्बई उत्तर मध्य) : वर्ल्ड हैल्थ आर्गेनाइजेशन ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि हमारे देश में अस्सी प्रतिशत एलमैंट्स जो होती हैं, बीमारियां जो होती हैं वे गन्दा पानी पीने की बजह से होती हैं। अगर सब लोगों को अच्छा और साफ पानी पीने के लिए मिल जाए तो एक तिहाई बीमारियां खत्म हो सकती हैं। दिल्ली शायद पहला शहर है जहां पर फिल्टर्ड वाटर लोगों को देने की व्यवस्था की गई है। इस पर हम को अभिमान है। 13 मई को हैदरपुर का सैकिंड फैज़ वाटर ट्रीटमेंट का पूरा हो गया। उस समय कहा गया कि अब दिल्ली में 303 मिलियन गैलन पीने लायक पानी

[श्रीमती प्रमिला दंडवते]

लोगों को मिल जाएगा। लेकिन इसके विपरीत जब से इसको शुरू किया गया है तब से पीने के पानी की कमी पैदा होनी शुरू हो गई है। पानी लोगों को बहुत ही कम मिलता है। साउथ दिल्ली तक में लोगों को पीने का पानी नहीं मिलता है। दूसरी मंजिल पर रहने वाले लोगों को पानी नहीं मिलता है। ओखला का जो पानी है वह पौल्यूटिड है। मैं जानना चाहती हूं कि उस पानी के ट्रीटमैंट के लिए भी क्या कुछ किया गया है ?

एडीशनल चीफ इन्जीनियर वाटर जो हैं और जो कारपोरेशन के हैं उन्होंने 20 अप्रैल को एक मीटिंग में कहा था कि दिल्ली के लोगों के लिए अच्छा पानी, स्वच्छ पानी पीने को मिलेगा और उसकी व्यवस्था हम करने जा रहे हैं। उसी मीटिंग में एक आदमी ने क्या कहा और उसकी इस पानी के बारे में क्या राय है, वह मैं आपके सामने रखना चाहती हूँ। उससे आपको पता चल जाएगा कि इस पानी के बारे में दिल्ली के आम आदमी की क्या राय है। उसने कहा कि दिल्ली में जो पानी है इसको पहले हमें उबालना पड़ता है और फिर उसको फिल्टर करना पड़ता है। इतना होने के बाद भी उस आदमी ने कहा कि मुझे डर लगता है कि कहीं इसका बुरा असर न हो जाए इस वास्ते मैं बीअर पीता हूँ। पिछले दो महीने में दिल्ली में बहुत-सी बीमारियां बढ़ गई हैं पार्लियामेंट में इस सवाल को उठाने की कोशिश भी की गई थी। जय प्रकाश नारायण अस्पताल में बच्चों की बीमारियां बढ़ गई है। पार्शल और टैम्पोरेरी पैरेलेसिस के केसिस बढ़ गए हैं। कंजक्टीवाइटिस और गैस्ट्रो एंट्राइटिस के केसिस भी बहुत हो रहे हैं।

31 अगस्त को चार बजे के करीब एक डैड बाडी का पता चला था। डाक्टरों और पुलिस के मुताबिक यह डैड बाडी बीस दिन पुरानी थी। यह जो कहा गया है कि गंगा के पानी में ऐसी लाशें आती हैं यह सच नहीं लगता है। इस डैड बाडी का गला टूटा हुआ था वह इसके साथ नहीं था। कीड़े इसको खा रहे थे। कंटमिनेशन जो हुआ वह 31 तारीख के बाद हुआ। आपने जो डोज़ बढ़ाया क्लोरीन का वह बहुत बाद बढ़ाया। मैं जानना चाहती हूँ कि क्लोरीन का डोज़ बढ़ाने के अलावा भी आपने कुछ और इन्तज़ाम किया है ताकि दिल्ली के लोगों को पौल्यूटिड वाटर न मिल सके ?

मैडीकल रिपोर्ट यह कहती है कि ज्यादा अगर क्लोरीन की डोज को बढ़ाया जाता है तो उसका बुरा असर हाई ब्लड प्रेशर से जो पीड़ित होते हैं उन पर पड़ता है। क्या आपने कुछ ऐसी व्यवस्था की है जिससे यह असर उन पर न हो ?

अगर प्रेस ने यह खबर न दी होती कि इस प्रकार की बात हो गई है तो दिल्ली के लोगों को इस चीज का पता भी नहीं चलता और पता नहीं चलता कि कोई लाश वहां पर थी जिसकी वजह से पानी गन्दा हो गया है। इसके लिए प्रेस बधाई की पात्र है। इसके बाद जो कर सकते थे उन्होंने पानी को उबालना शुरू कर दिया होगा। लेकिन इस मंहगाई के जमाने में और मिट्टी के तेल के दाम इतने अधिक हो जाने से आम लोगों के लिए यह असम्भव है कि वे पानी उबाल कर पी सकें। अखबार वालों ने इस खबर को देकर बहुत अच्छा काम किया है। अगर दिल्ली में लोक प्रतिनिधि होते, मैट्रोपोलिटन काउंसिल आदि काम करती होती तो यह सारा मामला वहां डिसकस होता और तुरन्त कार्रवाई हो जाती। लेकिन वह काम नहीं कर रही है। दिल्ली की मार्किट्स में गन्दगी बढ़ रही है।

उसके खिलाफ आवाज उठाने के लिए कोई प्रतिनिधि कांउसिल में नहीं है। 303 मिलियन गैलन को क्लोरीन ट्रीटमेंट देने के अलावा आप और कौन सा ट्रीटमेंट दे रहे हैं, यह मैं आप से जानना चाहती हूं ?

लाश बीस दिन पुरानी थी। पांच दिन बाडी को डी-कम्पोज होने में लगते हैं। पंद्रह दिन तक लोगों को गन्दा पानी मिलता रहा। इन दिनों में क्लोरीन की मात्रा को नहीं बढ़ाया गया। इसका असर क्या हुआ होगा क्या आप इसका जवाब देने की स्थिति में हैं और क्या आप इसके लिए भी तैयार हैं कि इसकी पूरी इनक्वायरी होनी चाहिए ? इसके साथ ही पुलिस और हैल्थ डिपार्टमेंट में बराबर को-आर्डिनेशन होना चाहिए। ला एण्ड आर्डर के बारे में कहने की जरूरत नहीं है। अगर एक लाश पानी में जाती है तो जाहिर है कि किसी ने उसको मारा होगा। आप उसके लिए जिम्मेदार नहीं है, लेकिन इसलिए जिम्मेदार हैं कि 15 दिन तक जो पानी दिल्ली के लोगों को मिल रहा था जिसको कोई ट्रीटमेंट नहीं किया, मात्रा जो 1.5 से 1.8 तक करी है वह पहले नहीं थी, इसके लिए आप लोगों को क्या बताने जा रहे हैं कि लोगों की सेहत पर उसका कोई बुरा असर नहीं होगा ?

**श्री भीष्म नारायण सिंह** : मान्यवर, मैं सम्मानित सदस्या का बड़ा आदर करता हूं और ऐसा कभी न सोचें कि प्रोफेसर साहब के प्रति ही मैंने आदर व्यक्त किया कि वह कुशल सांसद हैं, आप भी एक कुशल संसद सदस्या है इसमें कोई दो राय नहीं हैं। संसद कार्य मंत्री के नाते मैं तो ऐसा मानता हूं कि सारे कुशल सांसद हैं। मैं आपको वास्तविक स्थिति बता दूं। समाचार पत्रों की दोनों ने चर्चा की। इसमें कोई शक नहीं कि समाचार-पत्रों का बड़ा भारी महत्व है प्रजातंत्र में। लेकिन समाचार-पत्रों का जो आप सहारा ले रही थीं, ऐसा लगा कि आपने तथ्यों का सहारा नहीं लिया। अगर समाचार-पत्र और तथ्य दोनों मिलते हों तो आप जरूर उनका उद्धरण करें। तथ्य यह है, जहां तक ध्यान आकर्षण प्रस्ताव का सवाल है आपको आशंका हुई कि सड़ी हुई लाश हैदरपुर ट्रीटमेंट प्लान्ट के इन्टेक पोइन्ट पर आ गई और उसी से यह सवाल उठा कि अशुद्ध जल दिल्ली के नागरिकों को पीने के लिए चला गया। मैंने अपने उत्तर में बताया कि ऐसा नहीं हुआ। वहां के कर्मचारियों ने इस लाश को देखा और पुलिस को सूचना दी। और इन्टेक पोइन्ट तक तो पानी ट्रीटेड नहीं रहता है, उसमें क्लोरीन वगैरह नहीं मिलाई जाती है। वहां तो रा वाटर आता है। अब उसमें लाश भी आ गई। तो इन्टेक पोइन्ट पर शुद्ध नहीं करते हैं, बल्कि प्लान्ट में लाकर करते हैं और तब नागरिकों को पीने के लिये पानी देते है।

जहां तक यह बात है कि नदियों में या नहरों में अशुद्ध पानी न हो, जैसा कि प्रोफेसर साहब ने बताया, मैं ऐसा मानता हूं कि गंगा हो या जमुना हो या और कोई नदी हो उसमें जितना सीवेज डिस्पोजल ट्रीट कर के जाना चाहिये उतना कन्ट्रोल अभी तक नहीं हुआ है। लेकिन उसके लिए कोशिश जरूर है और यहां तक कोशिश है, और कई प्लान्ट लगे हुए हैं देहली में, कि जमुना में सीवेज डिस्पोजल ट्रीट करके किया जाय। हमने कानून में भी सख्ती बरती है कि इन्डस्ट्रियल वेस्ट को ट्रीट करके ही जमुना में निष्पादित किया जाय। इस बारे में हम प्रीकाशन ले रहे हैं। हमने एक विभाग भी बनाया है, इस सरकार के आने के बाद जो पर्यावरण में संतुलन रखने की कोशिश

[श्री भीष्म नारायण सिंह]

करेगा। इसलिए जितनी आपको चिन्ता है उतनी हमें भी है और इसीलिए इस विभाग को कायम किया है और कई स्टैप्स ले रहे हैं। दिल्ली में ही सैण्ट्रल वाटर और प्रीवेंशन कन्ट्रोल बोर्ड बना हुआ है वह भी काम कर रहा है। लेकिन फिर भी हमारी कोशिश है कि नदियों में जो रा वाटर है, चाहे ह्यूमन वेस्ट हो या इण्डस्ट्रियल वेस्ट हो, वह ट्रीट करके ही नदियों में जाये, यह हमारी कोशिश है। यह कोशिश हमारी है। जहां तक आपने दूसरी-दूसरी बातों का उद्धरण दिया, आपने खुद ही स्वीकार किया कि डैड बाडी कहां से आई? इसका पता करना पुलिस विभाग का काम है, वह पता कर रहे होंगे। जहां तक दूषित पानी सप्लाई हुआ कहा गया है, इसमें सन्देह करने की जरूरत नहीं है, दूषित पानी बिल्कुल सप्लाई नहीं हुआ। दिल्ली में जो पीने के पानी की स्थिति है, उसकी तुलना आप बम्बई, मद्रास, कलकत्ता से करेंगे तो पायेंगे कि दिल्ली में हम जो नागरिकों को पीने के पानी की आपूर्ति करते हैं वह एक व्यक्ति पर प्रतिदिन 55 गैलन है। इतना ही नहीं है, इससे हमें संतोष नहीं है कि यह सारी मांग पूरी हो गई। उसे पूरा करने की भी हमारी कोशिश है। इस हैदरपुर प्लान्ट की कुल कैपैसिटी 50 मिलियन गैलन की है। प्रोफेसर साहब ने भी इसका जिक्र किया, हम लोगों ने मई महीने में बातचीत की हरियाणा के मुख्यमन्त्री से, सिंचाई मंत्री यहां आये और हमारे ही चैम्बर में बात तय हुई और 50 मिलियन गैलन पानी हमको मिलने लगा जिससे हैदरपुर की पूरी कैपेसिटी काम कर रही है जिसकी वजह से पश्चिमी दिल्ली और उत्तर पश्चिमी दिल्ली को पीने के पानी की सप्लाई में काफी राहत मिली है।

**श्री मनीराम बागड़ी (हिसार)** : उपाध्यक्ष महोदय, श्री भीष्म जी का नाम जल के साथ तो बड़ा उत्तम जुड़ना चाहिए क्योंकि महाभारत की कथा है कि भीष्म जी जब मरण शय्या पर थे तो जल की बात थी, उन्होंने अशुद्ध जल नहीं पिया, पाताल से शुद्ध जल निकाला, तब उन्होंने पिया। लेकिन महाभारत हो, भीष्म जी हों, दिल्ली के 60, 70 लाख रहने वाले प्राणी, चाहे उन्होंने पानी पिया या नहीं पिया, इस पर आगे बात करेंगे कम-से-कम जितने लोगों ने सुना, जो बच्चे और औरतें थीं, उनमें से 30 फीसदी ने कै तो जरूर की है कि भीष्म जी आदमी का रस पिला रहे हैं, मुर्दा लाशों को पानी की जगह मिलाकर। यह सत्य कहां तक है ?

गंगा शुद्ध, यमुना शुद्ध, नदियां शुद्ध या नालियां जो जमीन के नीचे गदले पानी की हैं और अच्छे पानी की हैं, यह आपस में मिल जाने और पानी के गन्दा होने के जो विभिन्न तरीके हैं, उनको छोड़िये, पहले आप लाश के सवाल पर आइये।

मैं खुश होता, अगर भीष्म जी यह कहते, यह भीष्म जी की साजिश नहीं है कि वह किसी को मारकर लाये हैं या क्या किया है, यह सरकार की साजिश नहीं है, यह उन पर आरोप नहीं है। आरोप यह है कि मशीन से देश इतना सड़ गया है कि रोटी नहीं, गन्दी रोटी क्योंकि उत्पादन कम है, हवा गन्दी क्योंकि आबादी और गरीबों की दुर्दशा ज्यादा है, लेकिन पानी की गन्दगी, गन्दा पानी मिलावट का रहे, वह मिलता ही था, लेकिन इन्सान की मुर्दा लाश और वह भी 24 दिन की लाश। याद रखिये, आपकी सब दलीलें फेल हो जायेंगी, लाश का सिर कटा हुआ था, सिर तो उसमें चला गया होगा, मान आप कहते हो नहीं, शरीर का 24

दिन की लाश है, उसका पोस्टमार्टम क्या किया होगा, इसका चमड़ा और मांस तो अन्दर चला गया है। आप कहते हैं कि अन्दर नहीं गया, पानी शुद्ध कर दिया है। शुद्ध कहां से होगा ?

आखिर हिन्दुस्तान में कुछ आदमी ऐसे भी हैं जो निरामिष हैं और ऐसे नरभक्षी भी कोई पूंजीपति हों या उसके कोई सरकारी शासन के लोग हों तो उसका पता नहीं, लेकिन भारत की सभ्यता और संस्कृति में जब मानव का सवाल आता है तो शुद्धता की बात आती है और इस तरह की गन्दगी से लोगों को बड़ी टेस लगती है। सवाल यह नहीं है कि पुलिस जांच करेगी कि आपका महकमा जांच करेगा, मैं तीन बुनियादी सवाल आपके सामने रखता हूं। मैं मानता हूं कि पुण्यता आप नहीं कर सकते, गंगा-यमुना की शुद्धता, हमारे धार्मिक नेता धर्म की जय-जय करने वाले नाराज न हों, डा० लोहिया से लेकर हम समाजवादी लोग इस सवाल पर लड़ते रहे हैं कि गंगा-यमुना के जल को शुद्ध रखो, मोक्ष के लिए नहीं, पीने के लिए। शहर का गंदा पानी उसमें पड़ता है। धोबी के कपड़े उसमें धोए जाते हैं। दीन दुखी, गरीब लोग ही उसके सबसे ज्यादा शिकार होते हैं, जो गन्दी बस्तियों में रहते हैं और वह गन्दा पानी पीने के लिए मजबूर है।

गंगा और जमुना को शुद्ध करना कोई बहुत मुश्किल काम नहीं है। वह लाश कौन सी जगह आ गई थी ? मैं मंत्री महोदय से ही सुनना चाहता हूं—इनटेक प्वाइंट ? मंत्री महोदय को इसपर गंभीरता से विचार करना चाहिए। गंगा और जमुना के पानी की शुद्धि के लिए सिर्फ कानून ही नहीं, एक अभियान चलाने की भी जरूरत है। इसके लिए आकाशवाणी से भी मदद लेने की जरूरत है। सामाजिक संस्थाओं की भी मदद लेने की जरूरत है। बेरोजगार लोगों को वालन्टियर बनाकर एक जल शुद्धि सेना बनाई जाए, जो यह उपाय करे कि गंगा, जमुना और दूसरी नदियों के पानी को शुद्ध रखा जाए।

यह कहना कोई दलील नहीं है कि गंगा में जानवरों की लाशें होती हैं। दिल्ली में भी जानवरों की लाशें हैं। उसका क्या इलाज है ? गंगा और जमुना में जानवरों की लाशें होना गलत है। यह जिम्मेदारी समाज की है और सब से ज्यादा जिम्मेदारी शासन की है, जिसने सारी शक्ति को अपने पास एकत्रित कर लिया है। मैं तीन सवाल करूंगा।

यह बात मुझ से ज्यादा सम्बन्ध रखती है। यह जल मेरे घर का है। आप इसको कहीं भेज कर इसकी डाक्टरी करवा लें।

MR. DEPUTY SPEAKER : You have got to place it on the Table of the House, whatever you have brought.

**श्री मनीराम बागड़ी :** मैं आपको इस सदन में कहता हूं कि अगर मेरे मकान का जल भीष्म जी पन्द्रह दिन तक पी लें, तो उन्हें किसी अस्पताल की तलाश करनी पड़ेगी। मैं उनको न्यौता देता हूं कि वह आयें। एक एम० पी० का मामला है, इसलिए यह चर्चा आ गई। लेकिन खानाबदोश लोगों, गन्दी बस्तियों में रहने वाले लोगों और बिलो पावर्टी लाइन रहने वाले लोगों का जिक्र करना अब महत्व की बात नहीं रह गई है। पहली बात तो यह है कि यह नहीं समझना चाहिए कि अगर कोई सिर-कटी लाश आती है, तो वह ला एण्ड आर्डर का मामला है, वह जल से ताल्लुक नहीं रखता है, इसलिए उसका जवाब कोई और मंत्री देगा। यह भी ठीक नहीं है कि अगर

[श्री मनीराम बागड़ी]

मंत्री महोदय के महकमे का कोई व्यक्ति पुलिस को वक्त पर इत्तिला दे और पुलिस न आए और मंत्री महोदय कहें कि यह पुलिस का दोष है, या पुलिस कहे कि हमें इत्तिला नहीं दी गई थी, इसलिए मंत्री महोदय के महकमे का दोष है। जिम्मेदारी सब की है। लाश का पता लगाना तो भिंडर साहब का काम था। यह काम तो उन्होंने किया नहीं, लेकिन किसी स्त्री का अपमान हुआ, तो उन्होंने किसी अखबार वाले के प्रश्न के उत्तर में बिना मतलब माया त्यागी के बारे में बदतमीजी की बातें बक दीं, जिससे सारी नारी जाति का अपमान हुआ। उन्हें मालूम होना चाहिए कि उनकी पत्नी भी एक नारी है और इस सदन की सदस्या है। वह कहेगी कि कितना बदतमीज पति है, जो नारियों के बारे में ऐसे शब्द कहता है।

जल के बारे में मंत्री महोदय को तीन कदम उठाने चाहिए। गंगा और जमुना की शुद्धि की व्यवस्था की जाए। जमीन के नीचे गंदे पानी और अच्छे पानी की नालियां आपस में मिली हुई हैं और उनका पानी एक दूसरे के साथ मिल जाता है।

आधी गन्दगी पीने के पानी में जाती है और आप सर्वे कीजिएगा उन जगहों का, जिनको आप दरिद्र कहते हैं और गांधी इस देश के दरिद्र-नारायण के पुजारी थे, जहां पर गन्दगी और पाखाने की नलकी बह रही है उसके ऊपर बैठकर वह पानी पीते हैं और रोटी खाते हैं, उन झुग्गी झोंपड़ियों की पानी की सफाई नहीं करेंगे तो इस दिल्ली में प्रधानमंत्री के घर में भी साफ पानी चला जायगा, यह नामुमकिन है क्योंकि उस पानी में भी गन्दगी का सम्बन्ध मिलेगा।

आप अधिकारियों की सफाई मत दीजिएगा। यह अच्छा काम नहीं है। ये तीन तरह से फेल हैं। आपका मुहकमा भी फेल है, पुलिस का मुहकमा भी फेल है और तीसरा वह बिजली वाला मुहकमा भी फेल है और अस्पतालों की जो हालत है, उनका जो स्वास्थ्य मंत्रालय है, उन बेचारों का नाम मैं नहीं लेना चाहता। मैं यह जानना चाहता हूं क्या आप उसमें सुधार करने की कोशिश करेंगे ? क्या आप के पास ऐसी कोई योजना है कि जो इतने साल से पुरानी चीज चली आ रही है उसको ठीक करें ? अब आपने खुद देखा होगा कि गन्दी नाली पर उसका ढक्कन नहीं, बच्चा उसके अन्दर घुस गया, पप्पू नाम का बच्चा, भगवान ने उस को बचा लिया, 24 घंटे के बाद वह लाल किले के पास निकला। इसलिए यह सब जो गन्दगी है और मिलावट है इसको आप देखें।

मैं यह जानना चाहता हूं कि जो पुरानी नलकियां हैं नीचे की उनको शुद्ध करने के लिए और गंगा और जमुना को शुद्ध करने के लिए क्या कदम आप उठाएंगे और क्या आप जल-शुद्धि सेना बनाने का विचार कर रहे हैं जो इस किस्म की नालियों का जल शुद्ध रख सके ? तीसरे जो बिलकुल झुग्गी-झोंपड़ी वाले लोग हैं उन तक शुद्ध पानी पहुँचाने की कोई व्यवस्था करेंगे ?

**श्री भीष्म नारायण सिंह** : मान्यवर, श्री मनीराम बागड़ी जी से मुझे तो यह अपेक्षा थी कि वह कुछ ऐसी बात कहेंगे कि जिसमें हमको यह कहना पड़े हरयाणा सरकार को या हरयाणा के लोगों को वह धन्यवाद दें क्योंकि यह जो पानी आता है जमुना कैनाल का उसमें 50 परसेंट जो बढ़ोत्तरी हुई है, हैदरपुर ट्रीटमेंट प्लांट से दिल्ली के लोगों को ज्यादा पानी देने की जो बात हुई है, उसमें उनका बड़ा भारी योगदान है। उन्होंने सुझाव के तौर पर बहुत सारी बातें कही हैं

जिनको मैंने नोट किया है । उन्होंने एक बात बहुत सही कही है कि सरकार की जितनी भी चेष्टा हो लेकिन जनता का भी जब तक सहयोग नहीं होगा, जनता भी जब तक अपने कर्त्तव्यों के प्रति जागरूक न हो तब तक काम नहीं चलता । इसलिए जैसाकि हमने एक अभियान चलाया हैं कि अशुद्ध चीजों का प्रवाह गंगा जमना में न हो, इस में मैं समझता हूँ किसी की दो राय नहीं होगी । बाकी बातें तो उनकी सुझाव के तौर पर हैं । उन्होंने जवाब सुन लिया और शायद वह संतुष्ट हैं जवाब से इस वजह से उन्होंने और प्रश्न करना नहीं चाहा ।

जहां तक सफल असफल होने की बात है आप बुजुर्ग हैं, हम लोग तो आशावादी हैं, असफलता की बात हम लोग कभी सोचते नहीं··· (व्यवधान)

इसलिए आपको निराश नहीं होना चाहिए। मैंने बताया आपको कि सरकार की कितनी व्यग्रता है इस विषय पर और सरकार पूरी तरह सचेष्ट है इसको हल करने के लिए हमारी पूरी चेष्टा है कि पीने के लिए किसी प्रकार के अशुद्ध जल की आपूर्ति किसी को नहीं हो ।

**श्री मनीराम बागड़ी** : मैंने एक सवाल किया था कि जल शुद्धि सेना बनाएंगे ?

**श्री भीष्म नारायण सिंह** : आपका यह सुझाव मैंने नोट किया है ।

**श्री राजेश कुमार सिंह** (फिरोजाबाद) : माननीय मंत्री जी ने अपने वक्तव्य में जो कहा मैं उसी सन्दर्भ में कुछ पूछना चहूँगा ।

एक बात तो प्रारम्भ में ही कहना चहूंगा । पिछली बार भी 18 जून को ऐसी एक घटना रेलवे स्टेशन वाली हुई । पानी की टंकी में एक लाश मिली और माननीय रेल मंत्री ने कह दिया कि वह जिम्मेदारी हमारी नहीं है कि लाश कहां से आई ? ये भी यही कह रहे हैं कि लाश कहां से आई इसकी जिम्मेदारी हमारी नहीं है । हमारी जिम्मेदारी तो यह है कि पानी साफ हो । लेकिन यह बहरहाल दिल्ली प्रशासन की जिम्मेदारी है, यह आप को ईमानदारी से कहना चाहिए कि दिल्ली प्रशासन की खामियों की वजह से लाश 20 दिन तक सड़ती रही, गलती रही पोस्ट मार्टम की रिपोर्ट के अनुसार जो आपके सामने है । इसमें एक प्रश्न उपस्थित होता है । दिल्ली के 52 लाख लोगों के लिए 312 मिलियन गैलन पानी की जरूरत होती है और 253 मिलियन गैलन पानी आप दे रहे हैं । इसमें से 100 एम० जी० डी० हैदरपुर का प्लान्ट दे रहा है । इसका मतलब यह है कि करीब आधा पानी वहां से आ रहा है । मजे की बात यह है कि शहर के आधे लोगों ने इस पानी को इस्तेमाल किया होगा । जैसा कि आपने कहा है कि जहां से पानी लिया जाता है उसके मोहाने पर लाश पाई गई थी । इस सन्दर्भ में मैं जानना चाहूँगा कि जो पानी आप संचय करते हैं उसकी कोई व्यवस्था होगी, किसी एक जगह से आप पानी संचय करते होंगे तो क्या उसी स्थान के मोहाने पर यह लाश पायी गई या वहां से कुछ दूरी पर वह पाई गई । वह स्थान अगर इस संस्थान के जुरिस्डिक्शन में है तो इस संस्थान की जिम्मेदारी होगी और अगर जुरिस्डिक्शन से बाहर है तो किसी और की जिम्मेदारी होगी ।

आपने यह भी कहा है कि एक-एक घंटे के बाद जांच की जाती है और यह लाश वहां पर 4.15 पाई गई । इसका मतलब

यह है कि इससे पहले 3.15 पर जांच की गई होगी तो उसके बाद 20 दिन की सड़ी हुई लाश आधे घंटे में वहां पर कैसे पहुँच गई ? दूसरे जांच का क्या कोई रुटीन है कि कोई अधिकारी या अभियन्ता जाकर जांच करता है और एन्ट्री करता है या किसी अधिकारी ने जाकर वहां पर देख लिया और लाश मिल गई ?

दूसरी बात यह है कि पानी में स्पेशल ट्रीटमेंट देने के बारे में कुछ नहीं किया गया। एक अखबार ने यह लिखा है कि इस सम्बन्ध में जब आपके एक अधिकारी से सम्पर्क किया गया :

"According to experts, the plant needed a special treatment to make the water absolutely potable and bacteria-proof."

यह बहुत आवश्यक था लेकिन आपके अधिकारियों ने कोई स्पेशल ट्रीटमेंट नहीं दिया, केवल क्लोरीन वगैरह से जो सफाई की जाती है वही की गई जबकि किसी लाश के सड़ने पर जो जीवाणु पैदा हो जाते हैं वह इस प्रकार से समाप्त नहीं हो सकते। सही मायनों में तो इस घटना की जानकारी, जो स्वच्छ जल की व्यवस्था करते हैं, उनको भी नहीं थी। तो यह सारी ऐसी चीजें हैं जिनकी इन्क्वायरी करने की आवश्यकता है। मैं जानना चाहता हूं क्या इसके लिए आप पार्लियामेंट के सदस्यों की कोई कमेटी नियुक्त करेंगे जोकि इसकी इन्क्वायरी कर सके। यह ऐसी घटना है जिसका सारे दिल्ली निवासियों पर असर पड़ता है और हम लोग भी यहां पर रहते हैं। मैं जुडीशियल इन्क्वायरी की बात इसलिए नहीं करना चाहता क्योंकि आप कहेंगे यह छोटी सी बात है इसके लिए जुडीशियल इन्क्वायरी की आवश्यकता नहीं है। लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि पिछले मन्त्री जी ने जो वक्तव्य दिया था उसकी एक नकल आपको दे दी गई है कि इसमें आपकी जिम्मेदारी नहीं है लेकिन दिल्ली प्रशासन की जिम्मेदारी को भी आपको लेना चाहिए। जहां तक जल प्रदूषण की बात है, जैसाकि बागड़ी जी ने कहा, दिल्ली में यह आम शिकायत है। सीवर और पीने के पानी के आपस में क्रास हो गये हैं या कहीं पर पाइप टूट गए हैं जिनसे पानी गन्दा आ रहा है। इस तरह की स्थिति चल रही है। मेरा पहला प्रश्न यह है कि आप पार्लियामेंट्री कमेटी संसद सदस्यों की बनायें या नहीं ? दूसरा सवाल मैं यह पूछना चाहता हूँ कि वहां कोई गार्ड की व्यवस्था है या नहीं, ताकि आपको इसके बारे में पता चल सके, क्योंकि यह आसान बात नहीं है कि कोई भी आए और वहां पर लाश फेंक कर चला जाए ?

**श्री भीष्म नारायण सिंह** : उपाध्यक्ष महोदय, सम्माननीय सदस्य श्री राजेश जी ने कोई नये सवाल नहीं पूछे हैं। लगभग उन्हीं सवालों के बारे में आशंका व्यक्त की है, जिनका कि मैंने उत्तर स्पष्ट तौर पर दिया है। मैंने आपको बताया है कि इस लाश को सबसे पहले वहां के कर्मचारियों ने 31 अगस्त, 1981 को लगभग सवा चार बजे शाम को देखा। जैसाकि मैंने आपको पहले बताया कि वहां एक-एक घण्टे पर चैकिंग करते रहते हैं, सब बातों की। इसलिए मैं कहना चाहता हूँ कि उनको धन्यवाद देना चाहिए, जो वहां काम करने वाले कर्मचारी हैं, वे कितने जागरूक हैं, सजग हैं। उन्होंने लाश को देखा, जो कहीं से बह कर आ रही थी।

**श्री राजेश कुमार सिंह :** बीस दिन तक वहां लाश सड़ती रही है।

**श्री भीष्म नारायण सिंह :** यह भी मैं आपको स्पष्ट कर रहा हूं। वह काफी बड़ी नहर है, जिसकी लम्बाई 130 किलोमीटर है, उस एरिया को आपने भी देखा होगा और लगभग 50 फीट उसकी चौड़ाई है जो कि एक नदी की तरह है। उसमें इतना ज्यादा पानी आता है और बह कर लाश कहां से कहां पहुँच गई। वह लाश नहर में मिली ऐसा नहीं कि प्लांट में चली गई। इनटेक प्वांइट पर एक जाल सा लगा रहता है, लोहे का, जिसके अन्दर कुछ नहीं जा सकता है। हमारे लोग इतने सजग रहते हैं कि वे एक-एक घण्टे पर देखते रहते हैं, सारी चीजों को। इसीलिए उन्होंने पुलिस में उसके बारे में कम्पलेंट की। इसलिए यह कहना कि लाश बहुत पहले पड़ी हुई थी और उसकी वजह से गन्दा पानी हो रहा था तो गन्दा पानी तो रा-वाटर यानी कच्चा पानी तो आता ही है, इनटेक प्वाइन्ट तक। उसके बाद जब पानी अन्दर जाता है, तो वहां यंत्र लगे हुए हैं और पानी को शुद्ध करने के लिए जो हम कैमिकल्स प्रयोग में लाते हैं, वे बिलकुल स्टेण्डर्ड के हैं हर शहर के लिए और सब जगहों पर मशीनों द्वारा सफाई की जाती हैं।

**श्री राजेश कुमार सिंह :** क्या उसकी एक्सपर्ट से जांच करा ली गई ?

**श्री भीष्म नारायण सिंह :** यह आपने ठीक कहा, उसका सैम्पल लिया गया और उसको एग्जामिन किया गया, वह शुद्ध मिला। इसलिए यहां पर कोई आशंका की गुंजाइश नहीं है और मैं समझता हूँ कि पालियामेंट्री कमेटी की भी जरूरत नहीं है।

**श्री बी० डी० सिंह** (फूलपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मन्त्री जी से दो सवाल करना चाहूँगा। गत वर्ष जून के आखिरी सप्ताह में भी एक लाश दिल्ली स्टेशन पर पानी की टंकी में मिली थी और उस पर भी एक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव आया था। उसकी तरफ पासवान जी और अन्य सदस्यों ने चिन्ता व्यक्त करते हुए मन्त्री जी का ध्यान आकर्षित किया था कि जहां से जल की आपूर्ति होती है, उसकी सुरक्षा का ध्यान दिया जाना चाहिए। लेकिन मन्त्री जी मुझे ऐसा लगता है कि यह लापरवाही वहां के अधिकारियों द्वारा ही बरती जाती है। आपने भी जो स्टेटमेंट जल शोधन संस्थान ने बना कर दिया, इसी को यहां पर आकर पढ़ दिया है। मैं आपसे जानना चाहता हूं कि क्या आपने इस पर विचार किया है कि आपके मन्त्रालय से दो तीन लोगों की समिति चली जाए, और वह यह देखे कि वास्तव में तथ्य क्या है ?

दूसरा सवाल यह है कि आपने भी अभी कहा और संयंत्र के अधिकारियों का भी यह बयान आया है कि स्क्रीन के पास वहां पर पशुओं या आदमियों की लाशें आ जाती हैं, ऐसा लगता है कि वह तो एक सामान्य बात है। जो आपका बयान है, उससे ऐसा मालूम नही होता है कि जैसे ही लाश स्क्रीन के पास आई, वैसे ही उसको देख लिया गया। मैं आपसे यह पूछना चाहता हूं कि क्या आप स्थायी तौर पर ऐसी कोई व्यवस्था करेंगे, स्क्रीन के पास कुछ दूरी पर, कि इस प्रकार कि लाश पशुओं या आदमियों की या कोई गन्दी चीज इस प्रकार के स्क्रीन के पास न पहुँच सके ?

**श्री भीष्म नारायण सिंह :** श्री बी० डी० सिंह जी ने दो सवाल पूछे हैं, उनके उत्तर

भी मैं पहले दे चुका हूं। इन-टैक प्वाइन्ट दूर होता है, जो नहर आती है और जहां से पानी प्लांट में लिया जाता है—वे नजदीक नहीं होते हैं, दूर होते हैं। इसीलिए वहां पर लोहे का जाल बना होता है, जिस से कि कोई चीज अन्दर न जा सके, वहीं पर छन जाय। उस को स्टील-नैट कहते हैं····

**श्री बी० डी० सिंह** : जहां स्क्रीन है, वहां पर अगर बाडी आकर रुकी, तो वह बराबर वहीं रुकी रहेगी। वहां पर ऐसी व्यवस्था होनी चाहिये कि उसको तुरन्त हटाया जा सके।

**श्री भीष्म नारायण सिंह** : यहां पर भी तुरन्त हटाया गया है। ज्यों ही बाडी उस प्वाइन्ट पर आई, उसको तुरन्त लोगों ने देखा, उसकी इत्तीला दी····(व्यवधान)····पुलिस को खबर दी गई और इसके अलावा क्या कर सकते थे। हर घन्टे पर वहां पानी का सैम्पिल लिया जाता है, उसका कैमिकल ऐनालिसिज़ किया जाता है कि शुद्ध पानी की आपूर्ति हो रही है या नहीं। यह एक परमानेंट व्यवस्था है जो हर ट्रीटमैन्ट प्लान्ट में होती है। चूंकि सब काम ठीक किया गया था इस लिए कोई जांच कराने की आवश्यकता नहीं समझी गई।

MR. DEPUTY SPEAKER: We will adjourn now and meet again at 2.20 p. m.

**13.17 hrs.**

*The Lok Sabha adjourned for lunch till twenty minutes past fourteen of the Clock.*

---

THE LOK SABHA RE-ASSEMBLED AFTER LUNCH AT TWENTY FOUR MINUTES PAST FOURTEEN OF THE CLOCK

[MR. DEPUTY SPEAKER *In the Chair*.]

## BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

### NINETEENTH REPORT

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS AND IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI P. VENKATASUBBIAIAH) : Sir, I beg to move :

"That this House do agree with the Nineteenth Report of the Business Advisory Committee, presented to the House on the 2nd September, 1981".

SHRI G. M. BANATWALLA (Ponnani) : Sir I beg to move: That in the Motion,—*add* at the end "subject to modification -

"That the Report be referred back to the Committee to provide for an early discussion on the present international situation".

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : (Bombay North-East) : Sir, I beg to move : That in the Motion : *add* at the end —

"subject to modification —

"That the House refers back the Report because of the failure to include the following items —

(a) Discussion of the Vaidyalingam Report.

(b) Discussion on conversion in Meenakshipuram".